# भाजपा की जीत के लिए सभी समाज एकजुट हुए

■ आज मतदान, दोनों चरणों के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान में लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान पूरे परवान पर है। प्रदेश में 26 अप्रैल को मतदान होना है। दोनों चरणों के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

ऐसे में अब धुआंधार प्रचार शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, बूथ अधिकारी, पार्षद, विधायक सहित कई पदाधिकारी लोकसभा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के समर्थन में घर घर जाकर मतदाताओं से अपना अमूल्य वोट डालने की अपील कर रहे है। अजमेर शहर सहित पूरे जिले में गांव गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश है। हर जगह भगवा और भाजपा का दुपट्टा पहने भाजपा कार्यकर्ता मतदाताओं से सम्पर्क करते नजर आ रहे है। महिला मोर्चा में भी जोश की कमी नहीं है। भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ता घर घर जाकर महिलाओं से बातचीत कर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील कर रही है। वे घर-घर और द्वार द्वार जाकर मोदी द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य और योजनाओं उज्जवला योजना, महिला आरक्षण, लखपति दीदी आधि कई योजनाओं के बारे में बताकर भाजपा को वोट देने की अपील करती नजर आई।इधर युवा कार्यकर्ता भी अपने दोस्तो परिजनों और रिश्तेदारों अडौस पड़ौस में मतदाताओं को केंद्र की योजनों के बारे में समझाकर उत्साहित कर रहे है। अजमेर जिले में चहु ओर भाजपा की जीत की बातचीत हो रही है। गली मौहल्लोऔर सरकारी कार्यालयों और चौपालों में चर्चा ही कि इस बार 400 पार होकर रहेगी। बुजुर्गों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि इन दस सालों में मोदी ने इस देश के लिए बहुत कुछ किया। विदेशों में ही नहीं वरन विश्व में भारत का नाम रोशन किया है।

आज पूरा संसार किसी भी कार्य के लिए भारत की और देखता है। हमें मोदी ने कोरोना में जो वैक्सीन लगवाई जिसके कारण आज हमारा परिवार सुरक्षित है। हमें कांग्रेस ने इतने सालों भ्रम में रखा परन्तु अब हम भारतीय जनता पार्टी को ही वोट देंगे। हमे लकीर के फकीर नहीं है। बुजुर्गों को जोश से लगता है कि इस बार भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी की जीत निश्चित है। इधर युवाओं ने कहा कि इस देश में जो काम मोदी ने किया वह आज तक किसी ने नहीं किया उन्होंने युवा के स्वरोजगार के लिए जो भी किया शिक्षा के क्षेत्र में विज्ञान के क्षेत्र में मेडिकल क्षेत्र में जो काम किया वो हमारे लिए प्रेरणादायक है हम भी देशहित में भाजपा को वोट देंगे। शहर के व्यापारियों और शहर के कई सामाजिक संगठनों ने बैठक कर पहले मतदान और फिर दूसरा काम का संकल्प लिया। कई जातियों के अध्यक्षों ने कई प्रकोष्ठों ने गावों और शहरों में अपने लोगों से भारतीय जनता पार्टी को अधिक से अधिक मतदान करने की बात कही। शहर गांव ढाणियों का माहौल भाजपा मय हो गया है।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर 27 को

**अजमेर,** (कासं)। स्वामी विवेकानंद शाखा भारत विकास परिषद अजमेर एवं आरोग्य काया एक्यूप्रेशर योगा मंदिर अजमेर के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क एक्यूप्रेशर फिजियोथेरेपी एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन इस माह 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक धोला भाटा स्थित मन्ना हवेली में आयोजित किया जायेगा। जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष के.के. गौड़ ने बताया कि शिविर में एक्यूप्रेशर सेवा डॉ. महेश अग्रवाल एवं उनके सहयोगी, फिजियोथेरेपी सेवा डॉ. नीलम अग्रवाल, प्राकृतिक चिकित्सा सेवा डॉ. नरेश चेतन भम्भाणी एवं फिजिशियन सेवा डॉ. भरत छबलानी देंगे। शिविर में लकवा, गठिया, कमर दर्द , सियाटिका, घुटने का दर्द , दमा , नजला , हर्निया, प्रोस्टेट, आंखों के सम्बंधित रोग, सिर दर्द, पेट दर्द, कब्ज, माइग्रेन, सरवाइकल, पथरी, आदि समस्त रोगों का उपचार किया जायेगा साथ ही किशन देवानी द्वारा फ्री पाइल्स की दवा दी जायेगी।

# दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस

**अजमेर,** (कासं)। लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस गुरुवार को महाराणा प्रताप नगर स्थित अपना घर स्कूल के दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर लघु उद्योग भारती की महिला इकाई का औपचारिक शुभारंभ भी हुआ। इकाई की सदस्यों ने एक राय कर शीघ्र ही सूक्ष्म उद्योग इकाइयों के प्रोत्साहन के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान करने का निर्णय किया।

महिला इकाई की पहली औपचारिक बैठक अध्यक्ष दिव्या सोमानी की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर संरक्षक मृदुला मित्तल सहित महिला इकाई की पंद्रह से अधिक सदस्य उपस्थित थीं। संरक्षक मृदुला मित्तल ने बताया कि लघु उद्योग और सूक्ष्म उद्योग इकाइयों के प्रोत्साहन के लिए महिला इकाई ने गंभीरता से विचार करना शुरू कर दिया है। सूक्ष्म उद्योगों के विकास में जहां अड़चन दिखाई देंगी इकाई की सदस्य उन्हें मिटा कर आगे की राह बनाएंगी।

उन्होंने बताया कि बहुत सी महिलाएं अपने परिवार के जीविकोपार्जन के लिए घरों से सूक्ष्म उद्योग चला रही हैं जिनका उद्योग सही तरह से फल-फूल नहीं रहा है, लघु उद्योग भारती की महिला इकाई उन्हें अपेक्षित मार्गदर्शन और सहयोग मुहैया कराने के ठोस व कारगर प्रयास करेगी। इकाई की कोषाध्यक्ष शिल्पी जैन से इस दिशा में कार्य योजना बनाकर अगली बैठक में ही प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी भी ली है।

सचिव अंकिता कुमावत ने बताया कि अब से प्रत्येक माह की 25 तारीख को लघु उद्योग भारती महिला इकाई की नियमित बैठक की जाएगी जिसमें प्रत्येक माह में किए कार्य की समीक्षा होगी और आगे की कार्य योजना तय की जाएगी। बैठक में लघु उद्योग भारती की महिला इकाई सदस्य बनाए जाने पर विचार किया गया। सदस्यता बढ़ाने के लिए गूगल फॉर्म भरवाए जाने की जानकारी साझा की गई। आगामी 12 मई को मदर डे के मौके पर माताओं के उत्थान के लिए आयोजन किए जाने पर सभी ने सहमति दी।

सचिव ने इस मौके पर अपना घर स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार शर्मा का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के शुरू में अपना घर के दिव्यांग बच्चों के द्वारा लघु उद्योग भारती के स्थापना दिवस का केक काटा गया। बच्चों के साथ आत्मीय संवाद कायम किया गया। इस मौके पर शीतल जैन, किशोरी चोयल, मंजू चोयल, अर्चना माहेश्वरी, लता भूतड़ा, नेहा जैन, नेहा अग्रवाल, शिवानी जैन, संगीता लुधानी, कविता बंसल, संगीता तोषनीवाल, दीप्ति गुप्ता, स्वेता तंवर, प्रियंका विजय आदि उपस्थित थीं।

## 'सत्संग से मनुष्य को संतोष की प्राप्ति होती है'

**बोरावड,** (निसं)। जीवन रूपी नैया को संसार रूपी सागर से पार लगाने के लिए राम नाम का सुमिरन ही एक मात्र आधार है। यह बात बोरावड के शास्त्री कॉलोनी स्थित मंजूदेवी सैनी के निवास पर आयोजित धर्मसभा में रामस्नेही सम्प्रदास की विदुषि अनुयायी गुरु मां ओमादेवी अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि सत्संग से मनुष्य को संतोष व ईश्वर कृपा की प्राप्ति होती है। कलियुग में सच्चाई के साथ भक्ति के मार्ग पर चलकर ही राम की प्राप्ति सम्भव है। उन्होंने समय व काल के अन्तर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भक्ति में जीवन जीने की अवधि समय है, जबकि सांसारिक भोग में समय व्यतीत करना काल है। उन्होंने कहा कि संतों के गुणों का आश्रय लेकर जीवन को सफल बनाया जा सकता है। सज्जन सदा ज्ञान, समय, संपत्ति और सत्ता का सदुपयोग करते हैं। दुर्जन की कृपा भी कष्ट देती है। उन्होंने कहा कि हम जैसी संगति करेंगे वैसा ही हमारा आचार विचार व्यवहार होगा। संतों का संग करेंगे तो जीवन सुधर जाएगा। इस रामा देवी सोनी, सुशीला सैनी, सिमरन, खुशबु सैनी, शान्तिबाई गोस्वामी, मुन्नी गोस्वामी, सुवा, दुर्गा, कमला, कविता, मीना, केसर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग होगी देवमाली में

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा पंचायत समिति की निकटवर्ती ग्राम पंचायत देवमाली राजस्थान सहित सम्पूर्ण देशभर में भगवान देवनारायण के नाम से प्रसिद्ध है। इन दोनों अभिनेता अक्षय कुमार एक बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग की तैयारी ग्राम पंचायत देवमाली सहित आसपास के गांवों में जोर-जोर से चल रही है। इसको लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है। गुर्जर समाज के आराध्या भगवान देवनारायण को दिए गए वचनों का पीढ़ी दर पीढ़ी निर्वाह करने से ग्राम देवमाली प्रदेश सहित देशभर में एक अनोखे गांव के रूप में पहचाना जाता है। साथ ही प्रशासन की ओर से भी यहां पर्यटन के विकास को लेकर प्रयास किया जा रहे हैं । इससे अब बॉलीवुड ने भी इस गांव का रुख किया है। पहले यहां कई राजस्थानी फिल्मों वी एल्बम गीतों की शूटिंग हो चुकी है । अब तक बॉलीवुड के अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म की शूटिंग को लेकर तैयारियां जोर-जोर से चल रही है। मुंबई से आई एक टीम गांव में शूटिंग की तैयारी में व्यस्त है ग्रामीणों ने बताया की फिल्म की शूटिंग को लेकर कच्चे मकान सहित कुछ अन्य स्थानों पर फिल्म के सीन शूट करने एक रिसोर्ट को भी करीब एक माह के लिए बुक कराया गया है। अभिनेता अक्षय कुमार आएंगे देवमाली ग्राम पंचायत देवमाली में बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग के दौरान फिल्म के मुख्य कलाकार अक्षय कुमार एवं अरशद बरसी सहित कई कलाकार ग्राम देवमाली आएंगे। इन कलाकारों पर फिल्म के कई दृश्य फिल्माए जाएंगे।

## ऊषा जैन संभाग स्तर पर सम्मानित

**अजमेर,** (कासं)। महावीर इंटरनेशनल अजमेर जोन के द्वारा महावीर इंटरनेशनल स्पर्श की चेयरपर्सन ऊषा जैन को संभागीय अधिवेशन के दौरान 2022-23 में स्पर्श वीरा केंद्र में उत्कृष्ट कार्यों की सहभागिता निभाने और रक्तदान शिविर में उत्कृष्ट सहभागिता निभाने हेतु सम्मानित किया गया।उपरोक्त सम्मान समारोह कार्यक्रम मेहरा बिल्डिंग में वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ जिसमें वीर पदम चंद जैन, वीर अनिल लोढ़ा, वीरा इन्दु जैन सहित अन्य समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डायबिटीज किट का वितरण 28 को

**अजमेर,** (निसं)। गर्मी के मौसम में धूप व हीट वेव के कारण डायबिटीज रोग की जटिलता बढ जाती है। इस कारण अजयमेरु डायबिटीज सोसायटी द्वारा डायबिटीज एमरजैंसी किट का वितरण 28 अप्रैल को किया जाएगा।

सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. रजनीश सक्सेना ने बताया कि डायबिटीज एमरजैंसी किट में ग्लूकोज की 3 टेबलेट, ओ.आर.एस. 3 पैकेट तथा एसप्रिन की गोलियों के साथ में डायबिटीज रोगी कार्ड भी होगा। ब्लड शुगर (हायपोग्लॉसीमिया) लो हो जाने पर तुरंत 1 ग्लूकोज टेबलेट को मुंह में रखकर चूसना है। गर्मी या लू के असर होने पर ओ.आर.एस. को पानी में घोलकर पीना है। यदि सीने में दर्द,बेचैनी या घबराहट व पसीना आए तो तुरन्त किट में से निकाल कर ऐसप्रिन की गोली लेनी है। इसके बाद अपने निकट के डॉक्टर या हॉस्पीटल से हॉस्पीटल से सम्पर्क करना है। सोसायटी के महासचिव सी.पी. कटारिया ने बताया कि डॉ. एस.एन. सक्सेना दंपति के स्मृति दिवस पर आयोजित निःशुल्क डायबिटीज जॉच व चिकित्सा शिविर में इस किट का वितरण किया जायेगा। यह शिविर धाननाडी रोड, भजनगंज स्थित सक्सेना डायबिटीज केयर सेंटर पर प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

# लोकसभा चुनाव के तहत भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र के लिए आज होगा मतदान

■ अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दल हुए रवाना

**भीलवाड़ा,** (निसं)। लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक कार्मिक पूर्ण निष्ठा और पारदर्शिता के साथ अपनी भागीदारी निभाएं। यह बात गुरूवार को जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नमित मेहता ने लोकसभा चुनाव को लेकर भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र की सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान दलों की रवानगी से पूर्व हुए तृतीय एवं अंतिम प्रशिक्षण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कही। इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक पवन कुमार, पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती वंदना खोरवाल मौजूद रहें। इस दौरान उन्होंने दिव्यांग तथा महिला मतदान दलों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने कहा कि हम सब को एक दूसरे का साथ देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाना हैं, कोई भी मतदाता मतदान से पीछे न छूटे इस बात का ध्यान रखना हैं। उन्होंने निर्वाचन दलों की निर्वाचन में सक्रिय भूमिका और महत्ता पर भी जोर दिया। मतदान केंद्र पर पहुंचते ही सभी मतदान दल अधिकारी अपनी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर लें। साथ ही निर्धारित समय पर मोक पोल, मतदान की समय सीमा में मतदान कराना, मतदाता को सूचित करने के लिए लगाई जाने वाली प्रचार प्रसार सामग्री सुनिश्चित करने के साथ आपसी समन्वय के साथ चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न करवाने की बात कही।

जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने कहा कि भयमुक्त एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस-प्रशासन पूर्ण रूप से मुस्तैद है। इस हेतु सभी मतदान दलों को पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया है जिसे अब धरातल पर मुस्तैदी के साथ क्रियान्वित करना है, जिसकी जिम्मेदारी आप सभी की है और प्रशासन आपके साथ है। सुरक्षा दृष्टिकोण एवं समय सीमा के निर्धारण के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार वीडियोग्राफी करवाएं तथा किसी भी स्थिति में नियमों और दिशा निर्देशों का उल्लंघन न करें। जिलेभर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधन किए गए है। लोकसभा चुनाव के तहत भीलवाड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। भीलवाड़ा जिले के 7 विधानसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को 18 लाख 72 हजार 752 मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के तहत भीलवाड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26 अप्रैल को 21 लाख 49 हजार 357 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसमें हिण्डोली के 2 लाख 76 हजार 605 मतदाता सम्मिलित है। भीलवाड़ा जिले में पुरूष मतदाताओं की संख्या 9 लाख 46 हजार 283 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 9 लाख 25 हजार 297 है। संसदीय क्षेत्र में ट्रांसजेण्डर मतदाताओं की संख्या 18 है तथा सर्विस वोटर्स की संख्या 1498 है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से की अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील - जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने जिले के सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी मतदाता 26 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

**7 विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवाना हुए मतदान दल:-** भीलवाड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित भीलवाड़ा की 7 विधानसभा क्षेत्रों में 1936 मतदान दल चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाएंगे। लोकसभा चुनाव के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, तिलक नगर से गुरुवार को दो पारियों में 1936 मतदान दलों की रवानगी हुई। भीलवाड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित आसींद विधानसभा क्षेत्र में 313, माण्डल विधानसभा क्षेत्र में 282, सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 270, भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 258, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 278, जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र में 258, माण्डलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 277 मतदान दल मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाएंगे।

भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India
लोकसभा चुनाव-2024
चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024
आज मतदान दिवस
शुक्रवार 26 अप्रैल, 2024
सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक
अपील
आपका वोट कीमती है !
प्रिय मतदाता,
हम सोचते हैं कि हमारे एक वोट से क्या फर्क पड़ता है ? वैसे भी आज मुझे बहुत काम हैं।
लेकिन आपके एक वोट से फर्क पड़ता है !
आपके एक वोट से लोकतंत्र का फैसला प्रभावित हो सकता है। मतदान आपका अधिकार है और कर्तव्य भी ! ध्यान रहे, आज 26 अप्रैल छुट्टी का दिन नहीं है ,लोकतंत्र का महापर्व है!
आज सभी के लिए अवकाश घोषित किया गया है।
आज 26 अप्रैल को सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक अपना अमूल्य मत देना ना भूलें ! सशक्त एवं मजबूत लोकतंत्र के साथ शत-प्रतिशत मतदान के लिए हम सभी की सहभागिता आवश्यक है!
गर्मी के इस मौसम में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक early voting करें और जागरूक मतदाता प्रमाण पत्र पाएँ।
घर से निकलकर, प्रसन्न एवं निर्भीक होकर मतदान जरूर करें...
प्रवीण गुप्ता
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान
सबसे पहले वोट की बारी, बाकी कामों की फिर तैयारी !




■ प्रत्येक पोलिंग बूथ पर छाया, पानी और सभी सुविधाओं का ध्यान, इस बार मतदान है महा अभियान!
■ दिव्यांगजनों हेतु रैंप एवं व्हील चेयर की सुविधा
■ दिव्यांगजन के लिए परिवहन सुविधा
■ सहायता हेतु प्रशिक्षित वॉलन्टियर्स
■ संयुक्त परिवार, नवविवाहित जोड़े, युवा समूह व मतदाताओं द्वारा मतदान की फोटो/सैल्फी विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने पर मतदाता डिजिटल प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।
चुनी गई सेल्फी को जिला एवं राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा
अपने बूथ पर मतदाताओं की कतार की Live स्थिति जानने के लिए
नीचे दिये लिंक पर क्लिक करें
https://localselfgov.org/vqms/display.php
या QR कोड स्कैन करें
वोटर आईडी कार्ड या इनमें से किसी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र को दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान
आधार कार्ड | पैन कार्ड | ड्राईविंग लाइसेंस
पासपोर्ट | यूनिक डिसेबिलिटी कार्ड | मनरेगा जॉब कार्ड
स्वास्थ्य बीमा कार्ड | पेंशन दस्तावेज | सेवा पहचान पत्र
एनपीआर - आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड | फोटोयुक्त पासबुक बैंक/पोस्ट ऑफिस | एमपी/एमएलए/एमएलसी को जारी आईडी कार्ड
फोटो अपलोड करने के लिए QR कोड को स्कैन करें।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान
www.ceorajasthan.nic.in
Follow us on: CEORAJASTHAN
राजस्थान संवाद

